**Death of Patient in S.J.T.B. Hospital**

**1611. Shri Bagri:**
**Shri Yashpal Singh:**
**Shri Madhu Limaye:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 791 on the 22nd September, 1965 regarding the death of a T.B. patient in S.J.T.B. Hospital, Delhi and state:

(a) whether the matter has since been fully investigated by Government; and

(b) if so, the details thereof?

**The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra):** (a) and (b). The case is still under investigation.

**सरकारी भेद बताने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही**

**1612. श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री पाराशर :**
**श्री झ० ना० चतुर्वेदी :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान दिल्ली में सचिवालय अथवा भारत सरकार के अधीन अन्य विभागों के किन्हीं ऐसे कर्मचारियों का पता चला है जो शत्रु को सरकारी भेद बतलाते रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो उन व्यक्तियों की संख्या क्या है ; और उन के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है अथवा की जा रही है; और

(ग) जिन व्यक्तियों पर सरकारी भेद बतलाने का दोषारोपण किया गया है, क्या उन के नामों की सूची सभा पटल पर रखी जायेगी ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :** (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

**दिल्ली सलाहकार समिति**

**1613. श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री स० चं० सामन्त :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गृह-कार्य मंत्रालय द्वारा नियुक्त की गई हिन्दी सलाहकार समिति के कार्यों पर आवर्तक तथा अनावर्तक व्यय के लिये 1965–66 में कितनी राशि मंजूर की गई थी और उस में से अब तक खर्च की गयी राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस समिति के कार्यों का प्रचार करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :** (क) हिन्दी सलाहकार समिति के लिये अलग से कोई बजट व्यवस्था नहीं की गई है । उस के कार्य का खर्च गृह-मंत्रालय के बजट अनुदान में से किया जाता है । चालू वित्तीय वर्ष में अब तक समिति के काम पर लगभग 46,000 रुपया खर्च किया जा चुका है ।

(ख) कुछ प्रश्नों का उत्तर देते हुए, समिति के निर्माण काल से अब तक उस के द्वारा की गई सिफारिशों और उन पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के ब्यौरे सदन के सभा पटल पर रखे गए हैं ।